**मीडिया समन्वयक कार्यालय**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 07 सितंबर 2017

# जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्व की शीर्ष 1000 शैक्षिक संस्थाओं में शामिल

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः ने पहली बार प्रतिष्ठित ' टाईम्स हायर एजूकेशन :टीएचईः वर्ल्ड यूनिवसर्टी रैंकिंग' में जगह पाई है। साल 2018 के लिए इस विश्व रैंकिंग में जामिया मिल्लिया को 1102 शैक्षिक संस्थाओं में 801 से 1000 के बीच में स्थान मिला है।

' टाईम्स हायर एजूकेशन :टीएचईः वर्ल्ड यूनिवसर्टी रैंकिंग' ने अपनी घोषणा में कहा कि जेएमआई का मूल्यांकन करते समय उसके शिक्षण को उसका सबसे मज़बूत पक्ष पाया गया।

उल्लेखनीय है कि देश के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की रैंकिंग संस्था ने जेएमआई को इस बार केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में छठा स्थान दिया है।

टाईम्स हायर एजूकेशन :टीएचईः वर्ल्ड यूनिवसर्टी रैंकिंग' जिन पांच मानदंडों पर विश्व के विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थाओं की रैंकिंग तय करता है वे हैं : शिक्षण, अनुसंधान, प्रमाण, उद्योगिक आय और अंतरराष्ट्रीय दृष्किोण। इन पांचों पहलुओं के मापने के भी प्रत्येक के 13 मानदंड होते हैं।

साल 2018 के लिए ' टाईम्स हायर एजूकेशन वर्ल्ड यूनिवसर्टी रैंकिंग' में इस बार भारत की जिन 42 शैक्षिक संस्थानों को स्थान मिला है उसमें जेएमआई 18 वें पायदान पर है।

जेएमआई के वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद ने संस्थान के विश्व रैंकिंग में जगह पाने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह संस्थान पिछले कुछ सालों से बेहतर

से बेहतर प्रदर्शन करता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौक़ा है जब जेएमआई ने विश्व के शीर्ष 1000 उच्च मानदंड वाले शैक्षिक संस्थानों में जगह बनाई है।

प्रो अहमद उम्मीद जताई कि जेएमआई और भी बुलंदियों की तरफ बढ़ता जाएगा।

प्रो साइमा सईद

मीडिया कोऑर्डिनेटर